खबर संक्षेप

स्थापना दिवस पर इंमोसा लगाएगा रक्तदान शिविर

परासिया : 8 अक्टूबर को इंमोसा का स्थापना दिवस है । इस अवसर पर इंमोसा पेंच ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया है । यह शिविर वेकोलि के केंद्रीय चिकित्सालय बड़कुही में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा । इंमोसा द्वारा पिछली बार आयोजित रक्तदान शिविर में 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया था । जिसे जरुरतमंद लोगों को दिया गया । इंमोसा पेंच के अध्यक्ष सादिक अंसारी और महामंत्री विकास शिवहरे ने लोगों से इस शिविर में अपने मित्रों सहित आने और रक्तदान करने की अपील की है ।

आधार में मनाया विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस

छिंदवाड़ा। दिव्यांग बच्चों की सेवा मे समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विश्व से सेरेब्रल पॉलिसी दिवस एवं मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी सुरेश अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल समाज सम्मिलित हुए एवं अध्यक्षता समाज सेवी दीपक राज जैन प्रदेश संयोजक सर्वोदय अहिंसा एवं स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका निगम ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सर्वोत्तम सिंह ठाकुर, मुख्य फिजियोथैरेपिस्ट एवं आशय जैन सांसद प्रतिनिधि, दिव्यांगजन सशक्तिकरण सम्मिलित हुए जिनका आधार के दिव्यांग बच्चों ने तिलक, बैच एवं तुलसी का पौधा भेंट कर अभिनंदन किया।

वन्यप्राणी संरक्षण पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

छिंदवाडा। वन्यजीव का जीवन मे क्या महत्व है जिससे आने वाली पीढ़ी को सूरक्षित किया जा सकता है इस विषय की जानकारी देने के लिए कुकडा ग्राम उत्थान समिति के तत्वावधान मे स्थानीय हायर सेकेन्डरी स्कूल कोटलबर्री मे जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर .श्यामल राव ने उपस्थित छात्रो को बताया की,स्वंय सेवी संस्था कुकडा ग्राम उत्थान समिति द्वारा दिनांक 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रमों मे स्थानीय स्तर पर विद्यालय के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आम जनो एवं छात्रो को जाग्रत करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर रही है।

हितग्राहियों को वितरित किए निःशुल्क चश्मे

छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान 2026 – सेवा मेरा योगदान के अंतर्गत मंगलवार को जिला चिकित्सालय, छिंदवाड़ा में नेत्र रोग परीक्षण एवं स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने सहभागिता कर नेत्र रोगियों से मुलाकात की और स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। शिविर में नेत्र रोगियों का परीक्षण कर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। वहीं, 5 अक्टूबर को मोतियाबिंद ऑपरेशन के उपरांत आज हितग्राहियों को निःशुल्क चश्मों का वितरण किया गया। चश्मे प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने इस सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, धर्मेंद्र मिगलानी, संजय पटेल, डॉ. गोपाल यदुवंशी, मनोज चौरे सहित जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक एवं जिला चिकित्सालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

दिव्यांगजनों को मिलेगा रोजगार, स्वास्थ्य जांच और उपकरणों का लाभ

छिंदवाड़ा। दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा आवश्यक सहायक उपकरणों का लाभ दिलाने के उद्देश्य से 8 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से दिव्यांगजन रोजगार, स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केंद्र, प्रताप शाला, मोहबे मार्केट, इतवारी बाजार छिंदवाड़ा में होगा। कार्यक्रम संयोजक पंडित रमेश दुबे एवं कार्यक्रम प्रभारी धर्मेंद्र मिगलानी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। जरूरत के अनुसार उन्हें विभिन्न सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही दिव्यांगजनों को रोजगार के अवसरों तथा शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे वे आत्मनिर्भर होकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

अधिकारी नदारद, पंचायतों में मनमानी!

छिंदी में एलईडी मरम्मत के नाम पर 2.78 लाख के भुगतान पर भ्रष्टाचार की संदेह

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया, बाबा ठाकुर

तामिया जनपद पंचायत में पिछले करीब चार माह से मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का पद खाली पड़ा है। वर्तमान में सीईओ का अतिरिक्त प्रभार परासिया जनपद पंचायत के सीईओ को सौंपा गया है। वहीं पंचायत निरीक्षक की पदोन्नति होने के बाद उनकी भूमिका भी सीमित नजर आ रही है। इसका असर जनपद पंचायत के कामकाज पर साफ दिखाई दे रहा है। स्थिति यह है कि चंद कर्मचारियों को छोड़ दिया जाए तो जनपद पंचायत कार्यालय में कई कुर्सियां खाली नजर आती हैं।सबसे गंभीर स्थिति तकनीकी अमले की बताई जा रही है। ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के अनुसार उपयंत्री और सहायक यंत्री भी नियमित रूप से कार्यालय में उपलब्ध नहीं रहते। सप्ताह में कभी-कभार ही तकनीकी अमले के कार्यालय पहुंचने से ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों की रूपरेखा, एस्टीमेट, तकनीकी स्वीकृति और कार्यों की निगरानी प्रभावित हो रही है। अधिकारी-कर्मचारियों की इस कथित अनियमितता का सीधा फायदा ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों को मिलने के आरोप लग रहे हैं।



तकनीकी अमला सुस्त, पंचायतों में मनमानी तेज

जनपद पंचायत स्तर पर निगरानी कमजोर होने के कारण ग्राम पंचायतों में पांचवें राज्य वित्त आयोग सहित अन्य मदों से प्राप्त राशि के उपयोग को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि कई पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर ऐसे कार्य कराए जा रहे हैं, जिनकी वास्तविक आवश्यकता और मौके पर मौजूदगी की जांच होना जरूरी है। छिंदी सेक्टर की ग्राम पंचायतों में भी ऐसी ही स्थिति सामने आने का दावा किया जा रहा है।इसी सेक्टर की मानका देवरी ग्राम पंचायत में पंचायत दर्पण पर दर्ज भुगतानों को लेकर पहले ही सवाल उठ चुके हैं। अब इसी सेक्टर की ग्राम पंचायत छिंदी में भी पंचायत दर्पण पर दर्ज एक भुगतान ने पंचायत व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

छिंदी में एलईडी मरम्मत के नाम पर 2.78 लाख खर्च

ग्राम पंचायत छिंदी में प्रभारी सचिव राजेश धुर्वे को अतिरिक्त प्रभार मिला हुआ है। आरोप है कि अतिरिक्त प्रभार वाली व्यवस्था का लाभ उठाते हुए पंचायत में निर्माण और अन्य कार्यों में सरकारी राशि के उपयोग को लेकर मनमानी की जा रही है। पंचायत दर्पण पर दर्ज जानकारी के अनुसार पांचवें राज्य वित्त आयोग की राशि से एलईडी लाइट की मरम्मत एवं रखरखाव के नाम पर 2,78,202 रुपए का भुगतान किया गया है।पंचायत दर्पण पर दिखाई दे रहे भुगतान में बिल क्रमांक 608 और 609 तथा यूटीआर नंबर 2664342621 के माध्यम से भुगतान किए जाने की जानकारी सामने आ रही है। भुगतान तनुश्री एंटरप्राइजेज के नाम से किए जाने की बात सामने आई है। अब सवाल यह है कि आखिर इतनी बड़ी राशि से पंचायत में कितनी एलईडी लाइटों की मरम्मत और रखरखाव कराया गया? कितनी लाइटें बदली गईं? कितनी नई लाइटें लगाई गईं? और इन कार्यों का भौतिक सत्यापन किस अधिकारी ने किया?

कागज पर उजाला, कई वार्डों में अंधेरा!

ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत के मुख्य स्थान को छोड़ दिया जाए तो कई वार्डों में आज भी पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों के मुताबिक कई स्थानों पर न तो एलईडी लाइट की मरम्मत दिखाई दे रही है और न ही नई लाइट लगाए जाने की जानकारी है। ऐसे में पंचायत दर्पण पर एलईडी मरम्मत एवं रखरखाव के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान दर्ज होना ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।यदि वास्तव में 2.78 लाख रुपए एलईडी मरम्मत एवं रखरखाव पर खर्च किए गए हैं तो पंचायत को प्रत्येक लाइट का स्थान, मरम्मत की तारीख, उपयोग की गई सामग्री, संख्या, बिल, वर्क ऑर्डर और भुगतान का पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक करना चाहिए। साथ ही मौके पर भौतिक सत्यापन होने पर ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

जांच हुई तो सामने आ सकता है पूरा खेल

मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस कार्य के लिए लाखों रुपए का भुगतान किया गया, क्या उसका मौके पर सत्यापन किया गया था? यदि सत्यापन हुआ था तो संबंधित अधिकारी ने कितनी एलईडी लाइटों की जांच की और उसकी रिपोर्ट कहां है? क्या मरम्मत के बाद लाइटें वास्तव में चालू हालत में हैं? क्या पंचायत के पास खराब लाइटों की सूची और मरम्मत संबंधी रिकॉर्ड उपलब्ध है?ग्रामीणों का आरोप है कि यदि पंचायत में उजाले के नाम पर किए गए भुगतान की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो भुगतान से जुड़े दस्तावेज, सामग्री खरीदी, बिल और मौके की स्थिति में अंतर सामने आ सकता है। हालांकि इन आरोपों की वास्तविकता जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

अधिकारी नहीं, इसलिए शिकायतों पर भी नहीं हो रही कार्रवाई?

तामिया जनपद पंचायत में लंबे समय से सीईओ का पद रिक्त होने का असर शिकायतों के निराकरण पर भी पड़ने के आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों से जुड़ी शिकायतें जनपद और जिला स्तर तक पहुंचने के बाद भी कार्रवाई की गति बेहद धीमी है। समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद यदि मौके पर जांच और जिम्मेदारी तय नहीं होती है तो पंचायतों में सरकारी राशि के उपयोग को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।अब छिंदी ग्राम पंचायत में एलईडी मरम्मत एवं रखरखाव के नाम पर किए गए 2.78 लाख रुपए के भुगतान की जांच की मांग उठ रही है। जांच में पंचायत दर्पण के भुगतान रिकॉर्ड, बिल क्रमांक 608-609, यूटीआर, संबंधित फर्म के बिल, कार्यादेश, सामग्री की मात्रा, एलईडी की संख्या और मौके पर मौजूद लाइटों का भौतिक सत्यापन कराया जाना चाहिए। साथ ही यह भी जांच का विषय होगा कि भुगतान से पहले और बाद में किस अधिकारी ने तकनीकी अथवा भौतिक सत्यापन किया।यदि जांच निष्पक्ष तरीके से होती है तो कागज पर हुए भुगतान और जमीन पर हुए काम की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकती है। वहीं यदि जांच फिर केवल औपचारिकता बनकर रह गई तो छिंदी पंचायत में उजाले के नाम पर हुआ कथित फर्जीवाड़ा भी उन शिकायतों की फाइल में दब सकता है, जिनका आज तक कोई ठोस निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

सालों से छात्रावासों पर जमे अधीक्षकों पर गिरेगी तबादले की गाज!

जनजातीय कार्य विभाग ने कसा शिकंजा, अब नियमों की कसौटी पर खरे नहीं उतरने वालों को लौटना होगा मूल शाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावास, आश्रम शालाओं एवं आवासीय विद्यालयों में वर्षों से एक ही स्थान पर जमे अधीक्षकों को लेकर अब विभाग ने सख्ती शुरू कर दी है। 30 सितंबर 2026 को जारी आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के आदेश के बाद लंबे समय से अधीक्षक/वार्डन के रूप में कार्य कर रहे शिक्षकों की पदस्थापना पर नियमों की तलवार लटक गई है।

विभाग के आदेश के अनुसार छात्रावास, आश्रम शाला एवं आवासीय विद्यालयों में पदस्थ अधीक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया e-HRMS Portal के माध्यम से निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार की जानी है। आदेश में लंबे समय से एक ही संस्था में पदस्थ अधीक्षकों को स्थानांतरित किए जाने के साथ-साथ पात्रता एवं पदस्थापना से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

छिंदवाड़ा में सबसे बड़ा असर

छिंदवाड़ा जनजातीय कार्य विभाग के अधीन छात्रावासों और आश्रम शालाओं में बड़ी संख्या में ऐसे शिक्षक अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जो लंबे समय से इसी व्यवस्था में बने हुए हैं। विभागीय आदेश के बाद अब इनकी पदस्थापना की पात्रता और निर्धारित शर्तों की जांच महत्वपूर्ण हो गई है।स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि छिंदवाड़ा जिले में करीब 90 प्रतिशत तक ऐसे अधीक्षक हो सकते हैं, जो नए नियमों की सभी शर्तें पूरी नहीं करते हैं। हालांकि इस आंकड़े की आधिकारिक पुष्टि विभाग द्वारा किया जाना बाकी है। यदि जांच में ये शिक्षक निर्धारित पात्रता पूरी नहीं करते पाए जाते हैं तो उन्हें अधीक्षक का दायित्व छोड़कर अपनी मूल शाला में वापस जाना पड़ सकता है।

7 साल पूरे करने वालों पर भी कार्रवाई की तैयारी

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन अधीक्षकों ने एक ही छात्रावास, आश्रम शाला अथवा आवासीय विद्यालय में 7 वर्ष या उससे अधिक की अवधि पूरी कर ली है, उनकी पुनः उसी स्थान पर पदस्थापना नहीं की जाएगी। ऐसे अधीक्षकों को अन्य संस्था में पदस्थ किया जाना है और एक अधीक्षक को केवल एक ही संस्था का प्रभार दिए जाने की व्यवस्था पर जोर दिया गया है ।विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि रिक्त पद पर ही पदस्थापना की जा सकेगी। इसके अलावा जिन शिक्षकों की निर्धारित पात्रता नहीं बनती है, उन्हें अधीक्षक के पद पर बनाए रखने को लेकर भी सवाल खड़े होंगे।



ई-एचआरएमएस पोर्टल पर होगी पूरी प्रक्रिया

आदेश के मुताबिक प्रथम चरण में 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2026 तक पात्र अधीक्षकों को **e-HRMS Portal** पर विकल्प देने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इसके बाद 12 से 14 अक्टूबर 2026 तक छात्रावास, आश्रम शाला एवं आवासीय विद्यालयों के अधीक्षकों के रिक्त पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया रखी गई है।

अब विभागीय अधिकारियों की परीक्षा भी

इस आदेश के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि छिंदवाड़ा जिले में कितने अधीक्षक वास्तव में निर्धारित नियमों और पात्रता की कसौटी पर खरे उतरते हैं? क्या विभाग सभी अधीक्षकों की नियुक्ति, मूल पद, पदस्थापना अवधि और पात्रता की निष्पक्ष जांच करेगा? और यदि बड़ी संख्या में अधीक्षक नियमों के अनुरूप नहीं पाए जाते हैं तो क्या उन्हें तत्काल मूल शाला में वापस भेजा जाएगा?अब निगाहें जनजातीय कार्य विभाग की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। वर्षों से छात्रावासों में जमे अधीक्षकों के मामले में यदि आदेश का अक्षरशः पालन हुआ, तो छिंदवाड़ा जिले में बड़े पैमाने पर पदस्थापना में बदलाव देखने को मिल सकता है।

आज निकलेगी 'सेवा ज्योति यात्रा', दशहरा मैदान में होगी विकसित भारत संकल्प सभा

छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में प्रवेश कर जनसेवा और राष्ट्र समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज 'सेवा ज्योति यात्रा' निकाली जाएगी। यात्रा का मुख्य आयोजन स्थानीय दशहरा मैदान में होगा, जहां जिलेभर से कार्यकर्ता एवं सेवा कार्यों, योजनाओं के लाभार्थी एकत्रित होंगे। भाजपा जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक कमलेश उइके ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के सभी बूथों, मंडलों एवं विधानसभा क्षेत्रों से सेवा ज्योति यात्राएं निकाली जाएंगी। सभी यात्राएं सुबह 9 बजे दशहरा मैदान पहुंचकर मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगी। एकत्रीकरण के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति होगी। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में सेवा, सुशासन, जनकल्याण एवं राष्ट्र समर्पण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जाएगा। संभाग प्रभारी डॉ सुमेर सिंह सोलंकी, जिला संगठन प्रभारी आदित्य बबला शुक्ला, सांसद विवेक बंटी साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, विधायक कमलेश शाह मौजूद रहे।

कलेक्टर ने सुनी 171 आवेदकों की समस्याएं

छिंदवाड़ा। राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 171 आवेदकों की समस्यायें सुनी। इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये ।

चार वाहन जब्त एवं 10 वाहनों पर 54 हजार 400 रूपये की चालानी कार्रवाई

छिंदवाड़ा। परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन के आदेश के परिपालन में मंगलवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला एवं हमराह स्टॉफ द्वारा शहरी क्षेत्र में स्कूल वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान लगभग 50 छोटे-बड़े स्कूल वाहनों की जांच की गई। इसमें मुख्य रूप से वाहनों के समस्त दस्तावेज, चालक का ड्रायविंग लायसेंस, ओवरलोडिंग एवं अन्य बिंदुओं की जांच की गई।

जांच के दौरान मुख्य रूप से वाहनों के समस्त दस्तावेज, चालक का ड्रायविंग लायसेंस, ओवरलोडिंग एवं अन्य बिंदुओं से संबंधित कमियां पाए जाने पर स्कूल वाहन क्रमांक एमपी 28 पी 0704 एवं एपी 29 टीबी 8514 (स्कूल बस) को बिना परमिट संचालित पाए जाने पर जप्त कर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय छिंदवाड़ा के परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। साथ ही दो मैजिक वाहन (स्कूल वाहन) क्रमांक एमपी 49 बीबी 1478 एवं एमपी 20 बीए 1045, जिनका संचालन खराब अवस्था में किया जा रहा था, उन्हें भी जप्त कर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय छिंदवाड़ा के परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। अन्य कार्रवाई में 10 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई, जिससे 54,400 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इस दौरान स्कूल वाहन संचालकों एवं चालकों को समझाइश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों के तहत ही वाहनों का संचालन करें। अन्यथा कमियां पाए जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

2.23 किलो गांजे के साथ पकड़ा तस्कर, भेजा जेल

बोरिया रोड चावल फैक्ट्री के पास ग्राहक का इंतजार कर रहा था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुण्डीपुरा पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 23 किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 30 हजार रुपए बताई गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 3 अक्टूबर 2026 को कुण्डीपुरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बोरिया रोड स्थित चावल फैक्ट्री के पास एक युवक अपने हाथ में सफेद रंग की थैली में अवैध गांजा लेकर खड़ा है और उसे बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है।

मुखबिर की सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। इसके बाद बताए गए स्थान पर पुलिस टीम को रवाना किया गया। पुलिस ने बोरिया रोड चावल फैक्ट्री के पास मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर एक युवक को सफेद रंग की थैली लिए खड़ा देखा। पुलिस को देखकर युवक संदिग्ध रूप से हरकत करने लगा, जिसके बाद पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पहले से दर्ज हैं कई मामले



पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी निसार उर्फ चंडाल के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक आरोपी के खिलाफ थाना कुण्डीपुरा में अपराध क्रमांक 525/2021, धारा 294, 323, 325, 427, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज है। इसके अलावा अपराध क्रमांक 831/2025 में धारा 115(2), 296(बी), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। वहीं आरोपी के खिलाफ वर्ष 2026 में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। अपराध क्रमांक 195/2026 में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट तथा अपराध क्रमांक 705/2026 में भी धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज होना बताया गया है। ऐसे में पुलिस द्वारा आरोपी की आपराधिक गतिविधियों के संबंध में भी जांच की जा रही है।

न्यायिक अभिरक्षा में भेजा

गांजा बरामद होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई में कुण्डीपुरा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र भगत, उपनिरीक्षक अंजना मरावी, सउनि मनोज रघुवंशी, आरक्षक रविंद्र ठाकुर, आरक्षक जीवन रघुवंशी, दीपेश श्रीवास्तव, युवराज, गजानंद मरावी, सतेन्द्र तथा राजपाल की विशेष भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम निसार उर्फ चंडाल पिता अहसान अली, उम्र 21 वर्ष, निवासी चीड़ा बाबा मंदिर के पास पातालेश्वर, थाना कुण्डीपुरा, जिला छिंदवाड़ा बताया। पुलिस ने उसके कब्जे में रखी सफेद थैली की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। तौल करने पर गांजे का वजन 2 किलो 23 ग्राम पाया गया। पुलिस ने बरामद गांजे को विधिवत जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया।

80 किमी की दूरी और 36 ग्रामों से होकर गुजरेगी बिछुआ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की यह पदयात्रा

जल, जंगल और जमीन बचाने प्रारंभ की जन जागरण पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्रदेश की सत्ता में लगभग 22 वर्षों से काबिज भाजपा सरकार जनता की मूल भावनाओं उनके हितों व अधिकारों को संरक्षित व सुरक्षित करने के लिए नहीं बल्कि भाजपा को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। इसीलिये वह आदिवासी भाइयों के हक और अधिकारों को भी दरकिनार कर चुकी।

जल, जंगल और जमीन के मूल बाशिंदों से उनका हक व अधिकार छीनने के साथ ही वोट की चोरी से सत्ता को हथियाने वाली भाजपा की सच्चाई जनता तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस ने विशाल जन जागरण पद यात्रा प्रारंभ की है।



पदयात्रीगण मार्ग में मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे साथ ही भाजपा सरकार की पोल खोलेंगे।

बिछुआ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान व चौरई विधायक सुजीत चौधरी के मार्गदर्शन में बिछुआ ब्लॉक के ग्राम समरबोह से विशाल जन जागरण पदयात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में कांग्रेस के पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण व बड़ी संख्या में आमजन सम्मिलित हुए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे व चौरई विधायक सुजीत चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इस दौरान दोनों ही जनप्रतिनिधियों ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन उद्देश्यों को लेकर यात्रा निकाली जा रही है उसकी पूर्ति अवश्य होगी, क्योंकि कांग्रेस की भावना पूरी तरह साफ और जनहित में है।

सम्पूर्ण मार्ग में यह यात्रा नागरिकों के बीच पहुंचकर कमलनाथ एवं नकुलनाथ के विकास कार्यों को पहुंचाएंगे साथ ही भाजपा के द्वारा की गई चंदा चोरी, वोट की चोरी से लेकर रोजगार की चोरी, युवाओं के भविष्य की चोरी और आदिवासी भाइयों के जमीन हड़पने से लेकर उनके हक और अधिकार पर किए जा रहे एकतरफा कब्जे के खिलाफ जनता को जागरूक व एकजुट करेगी।

आदिवासी समाज जो कई वर्षों से जंगल एवं छोटे झाड के जंगल जिसे बफर जोन घोषित कर दिया है, जिसमें खेती कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। जिसे वन विभाग द्वारा बलपूर्वक हटाया गया, उनकी फसलों को नष्ट कर दिया गया है। उसका उचित मुआवजा दिया जाए एवं वनाधिकार अधिनियम के तहत शीघ्र पट्टा प्रदान किया जाए। आदिवासी समाज की भूमि जो भाजपा पार्टी के संरक्षण से सामान्य वर्ग में कौडियों के दामों पर स्थानांतरि की जा रही है।

सांसद के प्रयास लाए रंग, नगर के भाजपा नेता व पार्षद ने रखी थी उनके समक्ष जन समस्या

पीएम गति शक्ति योजना से बनेगा रेलवे अंडरपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



नगर के बांध रोड स्थित नगर के नागरिकों को सुलभ आवागमन देने के लिए जिले के सांसद विवेक बंटी साहू के प्रयासों से जुन्नारदेव के भाजपा मंडल मंत्री व पार्षद प्रमोद बंदेवार व राजेंद्र सूर्यवंशी ने अब से कुछ महापूर्व नागरिकों के आवागमन हेतु ओवरब्रिज से होकर शहर आने व जाने की समस्या को उनके समक्ष रखा था.जिस पर उन्होंने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए रेलवे के समक्ष इस समस्या को अवगत कराते हुए इसका समाधान निकाला।

अब उन्हीं के प्रयासों से नगर में आरयूबी का निर्माण होने जा रहा है.क्षेत्र में रेलवे अंडरपास निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। पीएम गति शक्ति योजना के तहत वार्ड क्रमांक 12 एवं 16 के नागरिकों की सुविधा के लिए रेलवे अंडरपास को मंजूरी मिलने की जानकारी भाजपा नेता एवं पार्षद प्रमोद बन्देवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है। प्रेस विज्ञप्ति में इस कार्य की स्वीकृति का श्रेय क्षेत्र की समस्या को सांसद विवेक बंटी साहू के समक्ष उठाकर उसके समाधान के लिए किए गए प्रयासों को दिया गया है। बताया गया कि क्षेत्र में रेलवे ओवरब्रिज (ROB) बनने के बाद भी वार्डवासियों, स्कूली बच्चों, पैदल यात्रियों तथा अस्पताल आने-जाने वाली एम्बुलेंस के लिए सीधा और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध नहीं हो पा रहा था।

विशेष रूप से आपातकालीन परिस्थितियों में एम्बुलेंस को लंबा रास्ता तय करना पड़ता था। वहीं स्कूली बच्चों और पैदल आने-जाने वाले नागरिकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस समस्या को लेकर वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद प्रमोद बन्देवार एवं वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी ने सांसद विवेक बंटी साहू से चर्चा कर क्षेत्र में रेलवे अंडरपास निर्माण की मांग रखी थी। दोनों पार्षदों द्वारा इस समस्या को रेलवे अधिकारियों के समक्ष भी उठाया गया था।

DRM को भी सौंपा गया था पत्र

जनहित से जुड़े इस मुद्दे को लेकर पार्षद प्रमोद बन्देवार एवं राजेंद्र सूर्यवंशी ने मंडल रेल प्रबंधक (**DRM**), मध्य रेल नागपुर को 11 दिसंबर 2025 को पत्र सौंपा था। पत्र में बताया गया था कि गेहरा नाला क्षेत्र में **ROB** बनने के बावजूद अस्पताल आने-जाने वाली एम्बुलेंस को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। आपातकालीन स्थिति में यह देरी मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है।इसके अलावा आसपास के विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों और पैदल यात्रियों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया गया था। पार्षदों ने मांग की थी कि सुरक्षित रेलवे अंडरब्रिज का निर्माण होने तक रेलवे गेट क्रमांक **AP**-37 को बंद नहीं किया जाए। पार्षद प्रमोद बन्देवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्या को सांसद विवेक बंटी साहू ने गंभीरता से लिया और इसके समाधान के लिए संबंधित स्तर पर प्रयास किए। इन प्रयासों के बाद अब गेहरा नाला क्षेत्र में रेलवे अंडरपास निर्माण की दिशा में रास्ता साफ हुआ है तथा इसे पीएम गति शक्ति योजना के तहत स्वीकृति मिली है।अंडरपास बनने के बाद वार्ड क्रमांक 12 एवं 16 सहित आसपास के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

बारिश की कमी से बर्बाद हुईं फसलें

फसलों को लेकर वाघोड़ा-ढाना के किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



सौंसर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम वाघोड़ा, ढाना और हिवरी के किसानों ने इस वर्ष बारिश की अत्यधिक कमी के कारण खेतों में फसलों के भारी नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। मंगलवार, को 'वाघोड़ा, ढाना, हिवरी किसान संघ' के बैनर तले किसानों ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री के नाम कार्यालय सौंसर में पहुंच सौंसर प्रशासन को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में किसानों ने प्रति एकड़ मुआवजा

किसानों को प्रति एकड़ 1,00,000/- रुपये की क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि प्रदान की जाए,किसानों के सभी प्रकार के कृषि ऋण तथा कृषि मोटर पंप के विद्युत बिल पूरी तरह माफ किए जाये, कृषि भूमि की सिंचाई हेतु क्षेत्र में नए बांध (डैम) का निर्माण किया जाए तथा किसानों के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए शिक्षा ऋण उपलब्ध किया जाए,किसानों की खसरा नकल में बर्बाद हुई फसल का सही तरीके से इंदराज (दर्ज) करने की माग की। किसान संघ के नेताओ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि समय रहते किसानों की इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य जनार्दन टापरे,संजय ढोके होमदेव डुमणे,सूरज बोबडे, महेन्द्र ढेगरे, ज्ञानेश्वर बोबडे, रामेश्वर बोबडे, संदिप बोबडे, शैलेश चटप, मुकेश काकड़े, रवि कामड़े, रिमाजी भोयर के अलावा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

बिजली चोरी रोकने, सिंचाई की जांच, जल संरक्षण पर जोर, एसडीएम ने ली बैठक



सौंसर। मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में विभिन्न विषयों को लेकर सौसर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल की प्रमुख उपस्थिति में अधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था और जल संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। एसडीएम कार्यालय से जारी हुई प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी और जल के अवैध दोहन के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।मध्य प्रदेश विद्युत मंडल और कार्यपालन अभियंता के साथ हुई बैठक में बिजली चोरी के विरुद्ध तत्काल दल गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन क्षेत्रों में कपास, संतरा और तुअर की फसल अधिक होती है, वहां कृषि विभाग के समन्वय से गांवों का भ्रमण कर बिजली सप्लाई की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा, संबंधित विभागों के डैमों से जुड़ी जानकारी और एन.ओ.सी. प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सायखेड़ा डैम,रझाड़ी पिपला में जाम नदी पर अवैध मोटर पंप लगाकर की जा रही सिंचाई की जांच के भी आदेश दिए गए हैं।प्रशासन ने निर्देशित किया है कि तालाबों एवं अन्य जलस्रोतों का अनावश्यक दोहन न हो और किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पर पूरा ध्यान रखा जाए।

अवैध रेत उत्खनन, परिवहन पर खनिज विभाग का शिकंजा, सौंसर क्षेत्र में 3 बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

क्षेत्र में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। खनिज विभाग के दल द्वारा मंगलवार को तहसील सौंसर के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया गया, जिसके दौरान अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की गई। खनिज विभाग कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान खनिज विभाग की टीम को ग्राम बिछुआबग्गू स्थित शोभना नदी और ग्राम लोधीखेड़ा स्थित कन्हान नदी मार्ग पर अवैध रूप से खनिज रेत का उत्खनन और परिवहन करते हुए 3 बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली मिले। विभाग के दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को खनिज सहित शासकीय रूप से जब्त कर लिया।जब्त किए गए तीनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को खनिज नियमों के प्रावधानों के तहत शासकीय अभिरक्षा में पुलिस थाना सौंसर और पुलिस थाना लोधीखेड़ा परिसर में खड़ा कराया गया है। नियमानुसार भारी जुर्माना राशि अधिरोपित किए जाने के लिए यह प्रकरण कलेक्टर न्यायालय पांढुर्णा के समक्ष निर्णयन हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

अवैध शराब निर्माण,संग्रहण पर आबकारी की कार्रवाही

सौंसर। आबकारी विभाग के द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं कच्ची शराब निर्माण को लेकर निरंतर कार्रवाही की जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सौसर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाही की जा रही है। अवैधकच्ची शराब निर्माण एवं बिक्री पर की जा रही कार्रवाही के संबंध में जानकारी देते हुए आबकारी अधिकारी सुश्री भारती गौड़ ने बताया कि मंगलवार को विनिर्माण ,परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु आबकारी वृत्त सौंसर के ग्राम कोडासवरी, रझाडी बोरगांव अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी गई, नालों ,जंगल में झाड़ियों के पास से अवैध हाथ भट्टी महुआ शराब बनाने के लिए पन्नियों में एकत्रित लगभग 2000किलो महुआ लाहन नष्ट किया गया एवं 30लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त की।एंव लोधीखेडा मे बापू ढाबा से विदेशी मदिरा बरामद कर उक्त कार्यवाही में म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क ,34(1) च 36 **A** के अंतर्गत कुल 04प्रकरण पंजीबद्ध किए ।उपरोक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी कु. भारती गौंड एवं आरक्षक जितेंद्र धुर्वे, उत्कर्ष ठाकरे उपस्थित रहे।



निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

बिछुआ। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत बिछुआ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जिसका शुभारंभ सेवा मेरा योगदान के जिला संयोजक एवं भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे जी के मुख्य आतिथ्य में हुआ ।शिविर को संबोधित कर श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन को सेवा के रूप में मनाते हुए सेवा मेरा योगदान अभियान के माध्यम से समाज के जरूरतमंद एवं वंचित लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। शिविर के दौरान मुख्य अतिथ श्री दुबे जी ने पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर, जिला मंत्री गोलू नागरे, नपा अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे, उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे, मंडल अध्यक्षद्वय शैलेष चोपड़े एवं गोपाल कवरेती, जिलापं सदस्य लखन वर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ मरीजों को चश्मों का वितरण किया । शिविर प्रभारी अनिल कुर्मी रहे ।शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई। विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा मरीजों की नेत्र जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया । शिविर में महामंत्री विजेंद्र दीक्षित, रामसिंह पटेल, घनश्याम पवार, प्रमोद श्रीवास, रजत वानखेड़े, राजेश रघुवंशी, विजयलाल वर्मा, पार्षद बबलू आरगुडे,बिंदु मालवी, बबीता गाकरे, कीर्ति करमेले, माया पटेल, डीमाकचंद मालवी, जगदीश गाकरे, बलदेव बोबडे, संदीप भट्ट आदि मौजूद रहे।

एमजेएमएस यूनियन की बैठक संपन्न



कटंगी। मॉयल जनशक्ति मजदूर संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक तिरोडी में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और श्रमिक हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विशेष रूप से यूनियन के अध्यक्ष और नेशनल फ्रंट ऑफ इंडिया ट्रेड यूनियन के नेशनल वाइस प्रेसिडेंट रामकृपाल खुरसेल उपस्थित रहे। रामकृपाल ने अपने दीर्घ अनुभव और कार्यक्षेत्र के अनुभवों को साझा करते हुए यूनियन और श्रमिकों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। उन्होंने मॉयल में कार्यरत श्रमिकों के समक्ष आने वाली विभिन्न समस्याओं, जैसे वेतन विसंगति, सुरक्षा, पदोन्नति एवं अन्य श्रमिक सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की और उनके संभावित समाधान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही श्रमिक अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। यूनियन ही श्रमिकों की आवाज है और प्रबंधन के समक्ष श्रमिकों की मांगों को मजबूती से रखना यूनियन का दायित्व है। बैठक में विमल साहू, युवराज इन्डोलकर, धमेन्द्र काशी, पुनित उइके, संदीप अहिंगारे, केवल राम साहू, तिजिया बाई, वीरेन्द्र पटेल, अविशा बाई, सचिन डोकरी सहित बड़ी संख्या में यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे।

विकासखंड स्तरीय विज्ञान नाटिका कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज किरनापुर। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के सभागार में विकासखंड स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 13 हायर सेकंडरी व हाई स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को आसान भाषा में समझाने के लिए विज्ञान नाटक की मंचन कार्यक्रम का आयोजन बेहद सराहनीय पहल है। विज्ञान नाटक की मंचन के मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ शिक्षा जैसे विज्ञान विषयों पर नाटक संवाद और अभिनव के माध्यम से छात्रों के लिए रुचि कर और मनोरंजन बनाना इनका मुख्य उद्देश्य रहा। इस कार्यक्रम में चेतना का विकास जैसे समाज और छात्रों में पहले अंधविश्वासों को दूर कर तार्किक और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है। इस नाटक में अक्सर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्लास्टिक के दुष्परिणाम, डिजिटल सुरक्षा और दैनिक जीवन में विज्ञान के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों को मंच पर दर्शाया ,वहीं छात्रों को मंच प्रदान कर उनके भीतर छुपी अभिनय संवाद शैली और नेतृत्व क्षमता को बाहर लाना होता है। इस कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी गणेश प्रसाद सोनी, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय ही प्राचार्य श्रीमती अनीता तारन ,शासकीय हाई स्कूल नेवारा के प्राचार्य बसंत चौधरी ,पाला के प्राचार्य एन सी परिहार, और भी अन्य प्राचार्य तथा विभिन्न स्कूलों से आए हुए शिक्षक व छात्र-छात्राएं की उपस्थिति सराहनीय रही।

शहर एवं ग्रामीणों क्षेत्रों में नवीन आंगनवाड़ी भवन बनाने कर रहे प्रयास - विवेक पटेल

आंगन मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन, विधायक पटेल हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। जनपद पंचायत वारासिवनी क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोचेवाही में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाना, कुपोषण को दूर करना तथा परिवारों के पोषण एवं शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों के स्टाल लगाकर उनके महत्व की जानकारी दी गई। महिलाओं और बच्चों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जिसके पश्चात उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी पंद्रे और निर्मला बिसेन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ग्राम बोटेझरी मरारी टोला की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सविता मर्सकोले ने विधायक विवेक पटेल को अवगत कराया कि पिछले वर्ष शासन से ग्राम में नवीन आंगनवाड़ी भवन बनवाने राशि आई थी। मगर ग्राम पंचायत के सरपंच डुलीचंद बोपचे ने नवीन आंगनवाड़ी भवन बनाने जगह नहीं दी। जिससे नवीन आंगनवाड़ी भवन बनाने आई राशि शासन को वापस चली गई। भवन ना होने के चलते किराये के मकान में आंगनवाड़ी संचालित हो रही है। जिस पर विधायक विवेक पटेल ने उन्हें आश्वस्त किया कि बहुत जल्द संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जगह का चयन कर नवीन आंगनवाड़ी भवन बनाया जायेगा।



कोरोना काल में भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आमजनों की सेवा- विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि बालाघाट जिले के बैहर विधानसभा क्षेत्र में कुपोषण से दर्जनों बच्चों की मौत हो चुकी है। सरकार की गलती का खामियाजा वहां के बच्चों को भुगतना पड़ा है। हमारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की बहनें आंगनवाड़ी में बच्चों को पौष्टिक आहार दे रही है। जिससे हमारे क्षेत्र के बच्चे स्वस्थ है। कोरोना काल में भी हमारी बहनों ने सेवाए दी थी। जब आपकी भर्ती हुई थी, तभी से आपका मानदेय कम है। क्षेत्र के कई ग्रामों में आंगनवाड़ी भवन नहीं है। घरों में आंगनवाड़ी संचालित हो रही है। उसका किराया भी सरकार से समय पर नहीं आता है। जिससे हमारी आशा कार्यकर्ता को कई बार अपने पास से किराया देना पड़ता है। मेरे क्षेत्र में कुछ स्थानों में नई आंगनवाड़ी भवन बना है। मै भोपाल पहुंचकर संबंधित मंत्रियों से लगातार मुलाकात कर रहा हूं, ताकि हर ग्रामों में नवीन आंगनवाड़ी भवन बन जाए। हमारे क्षेत्र में लगातार टीकाकरण भी हो रहा है।

सीएम यूथ कॉन्क्लेव का सीधा प्रसारण महाविद्यालय में किया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



डॉ. सुधन्वासिंह नेताम शासकीय महाविद्यालय, मलाजखंड, जिला बालाघाट (म.प्र.) में उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 'सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन दिनांक 06 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10:00 बजे लाल परेड ग्राउंड, भोपाल में किया गया, जिसका सीधा प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. के. धुर्वे के मार्गदर्शन में महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री जी के संबोधन एवं कॉन्क्लेव की विभिन्न गतिविधियों का सीधा प्रसारण देखा और युवा सहभागिता, शिक्षा, नवाचार एवं विकास से संबंधित विषयों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में प्रो. राजेन्द्र कुमार पिवहरे, प्रो. संदीप गेडाम, प्रो. स्वाति सिंह, प्रो. विशाल दमाहे, डॉ. विजयश्रीकान्त मिश्रा, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. राजेश बोरकर, डॉ. अल्का हिरकने, डॉ. शशि रैदास सहित महाविद्यालय के कर्मचारी श्री रामदास पनरिया एवं श्री राकेश गोहिया और विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. एम. के. धुर्वे ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को शासन की युवा-केंद्रित योजनाओं एवं विकासात्मक गतिविधियों से जोड़ने तथा उनमें जागरूकता एवं सहभागिता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

सरपंच पति सहित 4 लोगों पर जानलेवा हमले का आरोप

कोयलारी के विवाद ने पकड़ा तूल, मारपीट के बाद एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत कोयलारी में 25 लाख के सामुदायिक भवन के स्थल चयन को लेकर हुआ विवाद अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गया है। ग्राम सभा में हुई मारपीट के मामले में पीड़ति पक्ष ने चार लोगों पर प्राणघातक हमले का आरोप लगाते हुए बुधवार को पुलिस अधीक्षक बालाघाट को आवेदन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। साथ ही तिरोड़ी थाना प्रभारी पर भी पक्षपात और अवैध हिरासत में रखने का गंभीर आरोप लगाया है। लक्ष्मीकांत पिता प्यारेलाल गोपाले और हीरालाल पिता प्रेमलाल गोपाले दोनों निवासी ग्राम कोयलारी ने एसपी को दिए आवेदन में बताया है कि 05 अक्टूबर को ग्रामीणों के आह्वान पर ग्राम पंचायत कोयलारी के अस्थाई पंचायत परिसर में सामान्य ग्राम सभा आयोजित की गई थी। जिसका मुख्य एजेंडा राज्य वित्त आयोग से स्वीकृत 25 लाख के सामुदायिक भवन के स्थल चयन पर चर्चा था। बैठक में पूर्व सरपंच, पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। आवेदकों का आरोप है कि बैठक शुरू होने से पहले ही सरपंच पति जागेश डहरवाल, देवेश डहरवाल, मनेश परते और जयराम क्षेरीवार ने पूर्व नियोजित साजिश के तहत विवाद शुरू कर दिया। उन्होंने झूठा आरोप लगाया कि आवेदकों ने सार्वजनिक स्थान पर गाली-गलौज की। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, जागेश डहरवाल ने लक्ष्मीकांत को मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए चप्पल से पीटना शुरू कर दिया और जमीन पर पटक-पटक कर बेरहमी से मारा। बीच-बचाव करने आए हीरालाल और अन्य ग्रामीणों के साथ भी अन्य तीन अनावेदकों ने एकराय होकर लात-घूंसों से मारपीट की। किसी तरह ग्रामीणों ने जान बचाई। इस पूरी घटना का वीडियो भी ग्रामीणों ने बनाया है।

जान से मारने की धमकी का आरोप-

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मारपीट के दौरान सरपंच पति और उनके साथियों ने धमकी दी है कि वह शिकायतकर्ताओं को जान से खत्म कर देंगे और पता भी नहीं चलेगा और साथ देने वालों को भी नहीं छोड़ने की चेतावनी दी। घटना के बाद पीड़ति 05 अक्टूबर की शाम 5 बजे तिरोड़ी थाना शिकायत लेकर पहुंचे, जहां से पुलिस ने पीड़ति को



कटंगी अस्पताल मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। आरोप है कि मेडिकल के बाद जब वह वापस थाने लौटे तो थाना प्रभारी विजय राजपूत ने उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए और धमकाया कि तुम्हारे खिलाफ एससी-एसटीएक्ट का केस दर्ज कर देंगे। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि थाना प्रभारी ने उन्हें रात 10 बजे तक भूखे-प्यासे थाने में बैठाए रखा और परिजनों से भी नहीं मिलने दिया, जबकि उन्हें घटना का वीडियो भी दिखाया गया था। पीड़तों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पूरे मामले की जांच किसी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी से कराकर सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए, वीडियो साक्ष्य को सुरक्षित किया जाए और थाना प्रभारी तिरोड़ी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

खबर संक्षेप

कोतवाली पुलिस की गौ-तस्करों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई

ग्वालियर से नागपुर जा रहा कंटेनर पकड़ा, 70 गौवंश क्रूरता से मुक्त - 01 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा तथा नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 05/10/2026 को प्रातः करीब 10 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक कंटेनर में बड़ी संख्या में गौवंश को क्रूरतापूर्वक भरकर ग्वालियर से सागर-नरसिंहपुर-सिवनी होते हुए नागपुर कत्लखाने ले जाया जा रहा है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल टीम गठित कर छिंदवाड़ा ब्रिज के ऊपर नाकाबंदी की गई। कुछ देर बाद मुखबिर द्वारा बताए हुलिये का कंटेनर क्रमांक रू॥ 46 ष्ठरु 0755 आता दिखा, जिसे रोककर चेक किया गया।

कंटेनर के अंदर कुल 70 नग गौवंश (नाटा) मिले, जिनकी गर्दन, मुंह एवं पैरों को रस्सियों से बांधकर अत्यंत क्रूर एवं निर्दयतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। वाहन में गौवंश के लिए चारा, भूसा, पानी एवं पर्याप्त रोशनी/हवा की कोई व्यवस्था नहीं थी। कई गौवंश अचेत अवस्था में मिले। पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए 70 गौवंश को मुक्त कराकर परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर को विधिवत जप्त किया गया। मामले में आरोपी चालक के विरुद्ध म.प्र. गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4, 6, 9, म.प्र. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 6, 7, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) तथा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है। जप्त गौवंश को पुलिस सुरक्षा में दयोदय जीव रक्षा संस्थान, बींझावाड़ा में सुरक्षित रखवाया गया है तथा जप्त वाहन को रक्षित केंद्र सिवनी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है।

गौरव का क्षणः राज्य स्तर पर चयन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बादलपार की कक्षा 8वीं की छात्रा कु. जिया शरणागत, पिता श्री दिनेश शरणागत जी, का मोगली प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।जिया की इस शानदार उपलब्धि में उनकी मार्गदर्शक श्रीमती रुकसार निशा मैडम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर प्रभारी प्राचार्य महोदय श्री डहरवाल जी, प्रधानपाठक श्री केदार बिसेन जी एवं समस्त शाला परिवार की ओर से कु. जिया शरणागत को बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। कु. जिया शरणागत के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। ईश्वर उन्हें निरंतर सफलता प्राप्त करने एवं नई ऊंचाइयों को छूने का आशीर्वाद प्रदान करें।आपकी यह उपलब्धि विद्यालय, परिवार एवं पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

संबल योजना के तहत मृतकों के परिजनों को अंत्येष्टि सहायता राशि वितरित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। संबल योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली अंत्येष्टि सहायता राशि का ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा में मृतकों के परिजनों को नगद भुगतान किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कसाई टोला निवासी प्रदीप की मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नी तथा नवोदय नगर निवासी अफसाना खान की मृत्यु के बाद उनके पति को संबल योजना के तहत अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की गई।

ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा के जनप्रतिनिधियों उपसरपंच अब्दुल माजिद उर्फ शहजादे एवं पंच अधिवक्ता मोहम्मद यामीन उर्फ आगा खान एवं लिपिक शफीक राज द्वारा दोनों मृतकों के परिजनों को शासन की ओर से मिलने वाली सहायता राशि प्रदान की गई। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि संबल योजना शासन की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से पात्र श्रमिक परिवारों को परिवार के सदस्य की मृत्यु जैसी विपरीत परिस्थिति में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

छिंदवाड़ा-सिवनी नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में एक की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत छिंदवाड़ा-सिवनी नेशनल हाईवे पर मंगलवार सुबह करीब 4.45 बजे एक भीषण सडक़ हादसा हो गया। बम्होड़ी पेट्रोल पंप के पास भोपाल से बालाघाट जा रही यात्रियों से भरी सूत्र सेवा बस सडक़ के गड्ढे और ढलान के कारण अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पलट गई।

बस के नीचे दबने से एक यात्री की मौत

हादसे में बस के नीचे दबने से एक यात्री की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 10 यात्री घायल हुए हैं। इनमें पांच यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है। सूत्र सेवा बस क्रमांक एमपी 04 पीए 3660 सिवनी पहुंचने से पहले ही दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया गया कि बस में कुल 32 यात्री सवार थे। अचानक बस का संतुलन बिगडऩे के बाद वह पलट गई और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।



पुलिस और स्थानीय लोगों ने यात्रियों को निकाला हादसे की सूचना मिलते ही डायल-112 के साथ कोतवाली, ल नवाड़ा अं बंडोल थाना पुलिस काकोतवाली, लखनवाड़ा और बंडोल थाना पुलिस का बल मौके पर पहुंचा। पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस सहित अन्य वाहनों से जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

बालाघाट के सबसे ज्यादा यात्री

जानकारी के अनुसार बस में 21 यात्री बालाघाट, 5 वारासिवनी और 4 यात्री सिवनी के बताए गए हैं। घायलों में विवेक पटेल (28), महेश गडेल (41), राहुल नागेश्वर (30), शैलेंद्र मरावी (30), बृजेश बिसेन (35), पियूस धुर्वे (30), प्रीति (27), आंचल मढ़लेकर (27) और संयोगिता श्रीवास्तव (48) सहित अन्य यात्री शामिल हैं। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

गड्ढे और ढलान से बिगड़ा बस का संतुलन

प्रारंभिक जानकारी में हादसे की वजह हाईवे पर मौजूद गड्ढा और ढलान बताई जा रही है। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि पुलिस की जांच के बाद ही होगी। कोतवाली टीआई सतीश तिवारी ने बताया कि बस के पलटने से एक यात्री की मौत हुई है। मृतक की पहचान कराई जा रही है और घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

केवलारी विधानसभा क्षेत्र के छपारा क्षेत्र में तेज हवा और बारिश से प्रभावित मक्का फसल का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



गत 5 अक्टूबर को क्षेत्रीय व केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने देवरी, सरंडिया, कड़वी, गोरखपुर, अंजनीया , चंडी, खापा, भीमगढ़, बिलकता, बेरबंद, गंगई, सुकरी, मसूरभावरी, सरेखा टोला, पायली, महुआ टोला, बीहीरिया, चमनपुरी, प्रतापगढ़, सिमरिया, गुदना, जूनपानी, जमुनपानी एवं छपारा सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर प्रभावित किसानों से मुलाकात की। उन्होंने खेतों में जाकर गिरी हुई मक्का की फसल का निरीक्षण किया और किसानों से फसल को हुए नुकसान की विस्तृत जानकारी ली। किसानों ने बताया कि तेज हवा और बारिश के कारण बड़ी मात्रा में मक्का की खड़ी फसल खेतों में गिर गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। विधायक ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान मौके पर उपस्थित तहसीलदार सौरभ मरावी, सी.ओ. जनपद पंचायत छपारा रविन्द्र मीणा,आरआई, पटवारी, कृषि विभाग एवं बीमा कंपनी के अधिकारियों से चर्चा कर प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति का उचित, निष्पक्ष एवं वास्तविक सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान प्रत्येक प्रभावित किसान की फसल क्षति का सही आकलन किया जाए और किसी भी पात्र किसान का नाम सर्वे से छूटना नहीं चाहिए। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित किसानों को शासन के नियमानुसार मुआवजा एवं फसल बीमा राशि का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण किसानों को हुए नुकसान को देखते हुए प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाना आवश्यक है। किसानों की मेहनत और उनकी फसल का नुकसान बेहद चिंता का विषय है। किसानों के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। फसल क्षति का निष्पक्ष आकलन कराकर प्रभावित किसानों को नियमानुसार राहत और बीमा का लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे।

पत्रकार से मारपीट के आरोप में एसपी से कार्रवाई की मांग

श्रमजीवी पत्रकार परिषद ने सौंपा ज्ञापन, चौकी प्रभारी पर भी लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कुरई क्षेत्र में पत्रकार के साथ कथित मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी के मामले में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई सिवनी ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

परिषद के कुरई ब्लॉक अध्यक्ष एवं दैनिक भास्कर तथा संवाद कुंज के रिपोर्टर बिहारीलाल सोनी के अनुसार, 2 अक्टूबर को समाचार प्रकाशन से नाराज होकर अशोक शरणागत, दिनेश शरणागत एवं तुषार शरणागत उनके घर के गेट के अंदर पहुंचे और उनके साथ कथित रूप से झूमाझटकी, मारपीट एवं गाली-गलौज की। आरोप है कि इस दौरान उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई।

मामले की शिकायत चौकी बादलपार में की गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वहां चौकी प्रभारी इंजन सिंह मर्सकोले द्वारा एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी गई तथा एफआईआर दर्ज करने के स्थान पर एनसीआर दर्ज की गई।

मामले को लेकर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के जिला प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष शरद दुबे के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों के अनुसार, पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चौकी प्रभारी को फटकार लगाई और एसडीओपी को जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने एसडीओपी ललित गठरे से भी फोन पर चर्चा कर मामले को गंभीरता से लेने की बात कही। इसके बाद पत्रकार बिहारीलाल सोनी ने कुरई पहुंचकर एसडीओपी ललित गठरे से मुलाकात की। एसडीओपी ने मामले की जांच कर उचित दंडात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष शरद दुबे, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा (दैनिक भास्कर), हिमांशु कौशल (संपादक, संवाद कुंज), प्रदीप धोगड़ी (दैनिक भास्कर), सूर्यकांत विश्वकर्मा, प्रशांत शुक्ला, लोकेश उपाध्याय, संजय अग्रवाल (नई दुनिया), गोपाल चौरसिया, योगेश सूर्यवंशी, चेतन गांधी, रवि सनोडिया सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे। पत्रकार परिषद ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में पत्रकारों के साथ ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

बाइक ने पिकअप और चालक को मारी टक्कर, दो घायल एक की मौत

सिवनी जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र में एनएच-34 पर सोमवार रात चौथा मील के पास हादसा हुआ। पिकअप का टायर पंचर होने पर चालक ने वाहन सडक किनारे खड़ा किया था। महेंद्र पटेल (51) टायर बदल रहे थे। इसी दौरान लखनादौन की ओर से आ रही बाइक ने पिकअप और चालक को टक्कर मार दी।

हादसे में महेंद्र पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार नीलेश बर्मन (36) को भी चोट आई। आसपास के लोगों ने दोनों को संभाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल लखनादौन पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महेंद्र पटेल को मृत घोषित कर दिया। नीलेश का उपचार जारी है।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ संबंधित लोगों के बयान लिए गए। पुलिस वाहनों की स्थिति और हादसे से जुड़े अन्य तथ्यों की जांच कर रही है।

राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में डॉ. राधाकृष्णन सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक अनिल राजपूत

हरिभूमि न्यूज सिवनी। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, रचनात्मक गतिविधियों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए विकासखंड कुरई के शासकीय हाईस्कूल ऐरमा में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक अनिल राजपूत को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में उन्हें सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन सम्मान प्रदान किया गया। शिक्षक अनिल राजपूत को यह सम्मान 4 अक्टूबर 2026 को महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ ट्रस्ट, भिवानी (हरियाणा) तथा 5 अक्टूबर 2026 को चौधरी केहर सिंह एजुकेशनल ट्रस्ट, बड़ौत, जिला बागपत (उत्तर प्रदेश) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उनके अतुलनीय एवं अनुकरणीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। अनिल राजपूत द्वारा विद्यालय में



विद्यार्थियों के बीच पारंपरिक शिक्षण पद्धति के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक, सृजनात्मक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाया जा रहा है। उनके द्वारा नवाचारों के माध्यम से बच्चों को विषयों को समझने के साथ-साथ उन्हें व्यवहारिक रूप से सीखने के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के बौद्धिक, भावनात्मक, रचनात्मक एवं व्यावहारिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

एडीजी जबलपुर जोन द्वारा नवरात्रि, दशहरा पर्व के दृष्टिगत ली गई सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक



दिनांक 05/10/2026 को पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा द्वारा आगामी त्यौहार नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में डीआईजी छिंदवाड़ा रेंज राकेश कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में सिवनी जिले के समस्त एसडीओपी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं रक्षित निरीक्षक उपस्थित रहे।

बैठक में एडीजी द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देश

1. सभी दुर्गा पंडाल / टेंट मजबूती से लगे हों, यह सुनिश्चित किया जावे। भीड़ के हिसाब से पंडालों में प्रवेश एवं निकास की समुचित व्यवस्था रखी जावे। 2. डीजे / साउंड सिस्टम माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित वॉल्यूम एवं समय सीमा में ही बजाया जावे। तेज आवाज से आमजन को परेशानी न हो। 3. सीएमएचओ, सीएमओ एवं एमपीईबी से समन्वय स्थापित कर पंडालों में अग्निशमन, स्वास्थ्य एवं निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। 4. मूर्ति विसर्जन हेतु केवल निर्धारित एवं परम्परागत मार्गों का ही उपयोग किया जावे, विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं गोताखोर तैनात रहें। 5. गरबा महोत्सव स्थलों पर असामाजिक तत्वों की रोकथाम हेतु आईडी कार्ड / आधार कार्ड चेक कर ही प्रवेश दिया जावे। 6. त्यौहार के दौरान खुले क्षेत्र में मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध का कड़ाई से पालन कराया जावे। 7. सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जावे एवं अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जावे

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर छात्राओं को खिलाई गई कृमिनाशक दवा

शासकीय कन्या शाला केवलारी में अभियान का शुभारंभ, अधिकारियों व अतिथियों ने भी दवा खाकर दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

केंद्र एवं राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय अभियान के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत शरीर में मौजूद कृमि परजीवियों से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से एल्बेंडाजोल दवा का सेवन कराया गया। इसी क्रम में स्थानीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला केवलारी में अभियान का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैद्यनाथ वासनिक, डॉ. ए. लाकरा, सांसद प्रतिनिधि सुधीर पाण्डे, एवं एडवोकेट पवन यादव की उपस्थिति में किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली चबाकर खिलाई गई। उपस्थित अतिथियों ने भी दवा का सेवन कर लोगों को कृमि मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित किया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैद्यनाथ वासनिक, डॉ. ए. लाकरा, सुधीर पाण्डे, पवन यादव, रमाशंकर महोबिया, डॉ. अविनाश तिवारी एवं सचिन अवधिया रफीक खान ने उपस्थित छात्राओं को कृमिनाशक दवा के सेवन एवं कृमि मुक्ति के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कृमि मुक्ति से पोषण एवं स्वास्थ्य में सुधार

विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए. लकरा बीएमबी ने छात्राओं को अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि शरीर में उपस्थित कृमि परजीवियों से मुक्ति मिलने से बच्चों का पोषण स्तर बेहतर होता है। पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास में मदद मिलती है। छात्र-छात्राओं में पढ़ाई के प्रति एकाग्रता बढ़ती है और स्वस्थ एवं ऊर्जावान जीवन जीने में सहायता मिलती है। उन्होंने कृमि मुक्ति के लिए दवा के सेवन के संबंध में भी आवश्यक जानकारी दी।

एसडीएम ने बताए कृमि मुक्ति दिवस के फायदे

कार्यक्रम में एसडीएम बैद्यनाथ वासनिक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि कृमि मुक्ति दिवस मनाने का उद्देश्य शरीर में मौजूद परजीवी कृमियों से लोगों को मुक्ति दिलाना है। उन्होंने बताया कि शरीर में मौजूद कृमि परजीवी व्यक्ति द्वारा ग्रहण किए गए पोषक तत्वों का उपयोग कर लेते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कृमिनाशक दवा के सेवन से कृमि परजीवियों से बचाव में सहायता मिलती है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में योगेश भंडाले बीपीएम, आर.एल. ठाकुर बीईई, प्रकाश भलावी, सतेन्द्र ब्रम्हे, श्रीमती गंगा कुशराम, मनी जंघेला सहित शाला से श्रीमती निशा डोंगरे, सविता जैन एवं शाला परिवार के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

महामंडल विधान भक्ति और श्रद्धा के साथ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया। लखनादौन के पटेल जैन मंदिर में चल रहे महामंडल विधान में श्री निर्वेग सागर जी ने अपने मांगलिक प्रवचन में बताया कि वर्षों से लखनादौन में प्रभु की आराधना के ऐसे महा-महोत्सव के आयोजन की भावना बन रही थी। इस वर्ष सभी के पुण्ययोग और सामूहिक भक्ति के फलस्वरूप इंद्रध्वज महामंडल विधान का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव, उत्साह और समर्पण के साथ विधान में सहभागिता कर इसे सार्थक बनाया।

विधान की पूर्णता के अवसर पर आयोजित विमान महोत्सव एवं नगर परिक्रमा को शासन प्रभावना का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए मुनि श्री ने कहा कि जो लोग विधान में उपस्थित होकर प्रभु के दर्शन और आराधना का लाभ नहीं ले पाए, आज भगवान का विमान उनके घर-घर तक पहुँचा। नगर की परिक्रमा के माध्यम से अनेक लोगों को प्रभु-दर्शन का पुण्यलाभ प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि आज चारों ओर पंचेंद्रिय विषय-भोगों की आँधी चल रही है और मनुष्य अपना बहुमूल्य जीवन उन्हीं में व्यतीत करता जा रहा है। ऐसे समय में जिन भगवान की भक्ति,



आराधना और गुरु-वाणी से जुड़ना निश्चित रूप से शुभ परिणाम और पुण्य संचय का कारण बनता है।

मुनि श्री निर्वेगसागर जी ने कहा कि इस पूरे आयोजन में सभी का सामूहिक पुण्ययोग बना। अनेक लोगों ने अपना समय, श्रम और सामर्थ्य लगाकर श्रद्धालुओं के लिए अनुकूल वातावरण बनाया। वास्तव में एक व्यक्ति का पुण्य भी पूरे परिवार के जीवन को प्रभावित कर सकता है। जब अनेक लोगों का पुण्य एक साथ जुड़ता है, तब ऐसे भव्य धार्मिक महोत्सव का निर्माण होता है।

*इंद्रध्वज महामंडल विधान के माध्यम से श्रद्धालुओं ने प्रभु एवं गुरु की वाणी का लाभ लिया। यह भक्ति हमारे जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा बने, हमारे अशुभ कर्मों के बंध को रोकने और पाप कर्मों की निर्जरा की दिशा में आगे बढऩे का माध्यम बने—यही भावना होनी चाहिए

महाराज श्री ने बताया कि जितना हम जिन भगवान से जुड़ेंगे, उतना ही हमारे जीवन में पाप का क्षय और पुण्य का संचय होगा तथा परंपरा से संसार के दुखों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। इसलिए इस भक्ति और आराधना का प्रभाव केवल आयोजन तक सीमित न रहे, बल्कि हमारे दैनिक जीवन और आचरण में भी दिखाई दे। विधान के समापन अवसर पर मुनि श्री ने मंगल भावना व्यक्त करते हुए कहा*

सब सुखी रहें, सब प्रसन्न रहें, सबके जीवन में आनंद और कल्याण हो। सभी संसार के विषय-भोगों से बचकर अपने आत्मज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ें और भक्ति-भाव निरंतर जीवन में बना रहे। विधान के समापन पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें समाज की हर वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया।

अंगूठा लगवाने के बाद भी राशन नहीं देने का आरोप, समिति प्रबंधक को हटाने की मांग

राशन नहीं मिला तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

गोपालगंज की वृत्ताकार सहकारी समिति मर्यादित में पिछले तीन माह से राशन नहीं मिलने से नाराज महिलाओं ने सडक पर उतरकर चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने राशन वितरण में कथित अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। महिलाओं का आरोप है कि राशन देने के नाम पर उनका अंगूठा लगवा लिया गया, लेकिन इसके बाद राशन उपलब्ध नहीं कराया गया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गरीब हितग्राहियों को मिलने वाले राशन में कथित तौर पर गड़बड़ी की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हितग्राहियों के हिस्से का राशन कथित रूप से बेच दिया गया।

1 रुपये का नमक 10 रुपये में देने का आरोप

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने गोपालगंज समिति की प्रबंधक को हटाने की मांग भी की। साथ ही आरोप लगाया कि एक रुपये में



मिलने वाला नमक का पैकेट 10 रुपये में दिया जा रहा है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

अधिकारियों ने दिया तीन माह का राशन देने का आश्वासन

मामले की जानकारी मिलने पर फूड विभाग से रवि मुकासी तथा मोहगांव समिति के प्रशासक एवं सीईओ दिलीप डेहरिया मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारी हितग्राहियों को आश्वासन दिया कि कल सभी पात्र हितग्राहियों को तीन माह का राशन उपलब्ध कराया जाएगा। हालांकि जब अधिकारियों से पूछा गया कि पिछले तीन माह से राशन क्यों नहीं दिया गया और वितरण में देरी की वजह क्या है, तो इस संबंध में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया।

पुलिस और राजस्व अधिकारी भी पहुंचे

चक्का जाम की सूचना मिलने पर लखनवाड़ा थाना प्रभारी सीके सिरामे पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित महिलाओं को समझाया और शांतिपूर्वक अपनी बात रखने की अपील की।

घर के सामने खेल रहे डेढ़ वर्षीय मासूम को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत



सालीवाड़ा में दर्दनाक हादसा, वाहन चालक मौके से फरार; पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

सिवनी जिले के छपारा थाना क्षेत्र के ग्राम सालीवाड़ा में सोमवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार 5 अक्टूबर सोमवार शाम करीब 6 बजे नगर से 12 किलोमीटर दूर चमारी मार्ग के सालीवाडा (जुवान) पर गांव में राकेश यादव के घर के सामने डेढ़ वर्षीय राघव अपने बड़े भाई के साथ घर के सामने सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे अज्ञात वाहन ने मासूम को टक्कर मार दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे मृतक बालक के नाना धुरसिंह यादव ने बताया कि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया और उसकी पहचान नहीं हो सकी। परिजन तत्काल बालक को उपचार के लिए छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार 6 अक्टूबर की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित मर्चुरी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

हरिभूमि

सतपुड़ा भूमि

तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा

10

जबलपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

RSS सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने किया स्मृति भवन एवं माधव नेत्रालय का लोकार्पण, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगा विस्तार

कारंजा में सेवा, संस्कार और सामाजिक सरोकार की नई पहल

हरिभूमि न्यूज लांजी।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मंगलवार को बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड अंतर्गत ग्राम कारंजा पहुंचे। यहां उन्होंने संघ से जुड़े सेवा प्रकल्पों के तहत नवनिर्मित स्मृति भवन तथा माधव नेत्रालय का विधिवत लोकार्पण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं संघ पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम स्थल पर डॉ. मोहन भागवत के आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई थीं। ग्रामीणों और स्वयंसेवकों में कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। आयोजन में लगभग 2 हजार लोगों की क्षमता वाला वाटरप्रूफ पंडाल तैयार किया गया था। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए संघ पदाधिकारियों एवं आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने पूर्व से बैठकें कर जिम्मेदारियां निर्धारित की थीं।

सेवा और संवेदना को भारतीय समाज की ताकत बताया

कारंजा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मोहन भागवत ने भारतीय समाज की सेवा, संवेदना और त्याग की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में दूसरों के दुख को अपना समझने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की भावना सदियों से रही है।उन्होंने कहा कि भारत की मिट्टी में ही ऐसी संवेदनशीलता है, जिसमें दूसरे व्यक्ति के दुख को देखकर मन व्यथित होता है। डॉ. भागवत ने कहा कि पिछले 200 वर्षों में भारत में अनेक ऐसे महापुरुष हुए हैं, जिनका योगदान विश्व इतिहास में विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है।उन्होंने सेवा भावना का उदाहरण देते हुए स्मित मछवार की घटना का भी उल्लेख किया और कहा कि दूसरों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की चिंता न करना भारतीय समाज की सेवा भावना को प्रदर्शित करता है।

कारंजा में निर्मित स्मृति भवन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक बालासाहेब देवरस तथा उनके छोटे भाई एवं संघ प्रचारक भाऊराव देवरस के जीवन, विचारों और सामाजिक-संगठनात्मक योगदान की स्मृतियों को संजोने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।स्मृति भवन के माध्यम से देवरस बंधुओं के जीवन और संघ कार्य से जुड़ी स्मृतियों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं के लिए यह स्थान उनके विचारों, कार्यशैली और सेवा कार्यों को समझने का माध्यम भी बनेगा।बालासाहेब देवरस को संघ के तीसरे सरसंघचालक के रूप में लंबे समय तक संगठन का नेतृत्व करने तथा सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों को विशेष महत्व देने के लिए जाना जाता है। कारंजा क्षेत्र में उनके नाम से संचालित विभिन्न सेवा गतिविधियों के विस्तार की दिशा में स्मृति भवन को महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान बालासाहेब देवरस नेत्रालय का भी लोकार्पण किया गया। यह नेत्रालय सेवा न्यास के अंतर्गत स्थापित किया गया है तथा इसका संचालन माधव नेत्रालय द्वारा किया जाएगा।नेत्रालय के माध्यम से कारंजा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आंखों की जांच, उपचार तथा अन्य संबंधित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य रखा गया है। विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे लोगों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है, जिन्हें आंखों की जांच अथवा उपचार के लिए बड़े शहरों तक जाना पड़ता है।इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ जरूरतमंद लोगों को समय पर जांच और उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान बालासाहेब देवरस नेत्रालय का भी लोकार्पण किया गया। यह नेत्रालय सेवा न्यास के अंतर्गत स्थापित किया गया है तथा इसका संचालन माधव नेत्रालय द्वारा किया जाएगा।नेत्रालय के माध्यम से कारंजा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आंखों की जांच, उपचार तथा अन्य संबंधित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का उद्देश्य रखा गया है। विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे लोगों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है, जिन्हें आंखों की जांच अथवा उपचार के लिए बड़े शहरों तक जाना पड़ता है।इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के साथ जरूरतमंद लोगों को समय पर जांच और उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

मामला जिले की चर्चित लेंडेझरी(तुलसीधाम) पंचायत का

भूतपूर्व सरपंच व जप सदस्य पति द्वारा सरेआम किया जा रह घास भूमि पर अतिक्रमण





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पचांयत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत लेंडेझरी(तुलसीधाम) में पूर्व सरपंच बाबूलाल भगत के द्वारा घास मद की भूमि खसरा क्रमांक 48 पर कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा हैं। दर्जनों ग्रामवासियों द्वारा ग्राम पंचायत में मौखिक एवं लिखित शिकायत उपरांत ग्राम पंचायत के द्वारा अतिक्रमणकर्ता को दिनांक 28 सितम्बर को नोटिस रूपी लिखित सूचना देकर तत्काल अवैध निर्माण कार्य बंद करने को कहा गया था, किन्तु दबंग अतिक्रमणकारी एवं उसके परिजनों के द्वारा ग्राम पंचायत के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए जबरदस्ती अतिक्रमण करने में लगे हुए हैं और कार्य रोकने वालो को धमकाते हैं और अपने जनप्रतिनिधि होने का दबाव बनाते हैं। तदापरांत सरपंच श्रीमती संध्या सजंय बिसेन, सचिव सुरजलाल शिव, वार्ड पंच कार्तिक बिसेन एवं दर्जनों ग्रामीणों द्वारा न्यायालय तहसीलदार को सूचना दी गई। तब पटवारी एवं तहसीलदार मौके पर पहुंचकर दिनांक 29 सितंबर को पंचनामा प्रतिवेदन कार्यवाही कर उक्त घास भूमि पर अवैध अतिक्रमण निर्माण कर रहें बाबूलाल पिता सुखलाल के विरूद्ध धारा 248 अंतर्गत प्रकरण क्रमांक 0011/अ68/2627 दर्ज कर न्यायालय तहसीलदार द्वारा तत्काल प्रभाव से पत्र क्रमांक 4512/26 जारी करते हुए तथा उक्त अतिक्रमण निर्माण को अवैध मानते हुए तत्काल चल रहे अवैध निर्माण को रोकने हेतु हल्का पटवारी, थाना प्रभारी एवं सरपंच को प्रतिलिपि करते हुए अतिक्रमणकारी की ओर स्टे ऑर्डर जारी किया।

ज्ञात हो कि लेंडेझरी (तुलसीधाम) पंचायत भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री माननीय गौरीशंकर बिसेन जी की जन्मभूमि भी हैं, और उनके ही द्वारा यहां संदीपनी स्कूल का निर्माण किया गया और एक छोटे से गांव लेंडेझरी को पूरे विश्व में अच्छी पहचान दिलाई गई। लेंडेझरी विश्व प्रसिद्ध चावल चिन्नौर एवं आमों के लिए भी प्रसिद्ध हैं जो कि माननीय पूर्व मंत्री जी के द्वारा ही पूरे विश्व पहचान प्राप्त हैं। और एक ओर उक्त अतिक्रमणकारी बाबूलाल भगत भी अपने आप को भाजपा नेता बताता हैं, और तीन बार लेंडेझरी पंचायत का प्रतिनिधित्व कर चुका हैं। जल उपभोक्ता संस्था का भी अध्यक्ष रह चुका हैं और वर्तमान में उसकी पत्नि गीता भगत जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 21 से भाजपा समर्थित जप सदस्य हैं, और जप सदस्य पति एवं पूर्व सरपंच एवं उसके अपराधिक प्रवृत्ति के परिजनों जिनके ऊपर पूर्व से ही कई मामलें दर्ज किये जा चुक हैं। इनके द्वारा अपनी गुंडागर्दी करते हुए संदीपनी विद्यालय के गेट के सामने मात्र 100फीट की दूरी पर संदीपनी गेट एवं ग्राम पंचायत कार्यालय के ठीक सामने अतिक्रमण किया जा रहा हैं जो पूर्व सरपंच एवं उसके अपराधिक प्रवृत्ति के परिजनों की मानसिकता को पूर्णता उजागर करता हैं।

ऐसी स्थिति में शासन-प्रशासन के नजर के सामने एक अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति का सरेआम अतिक्रमण करना प्रश्नचिन्ह उत्पन्न करता हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय तहसीलदार लालबर्रा 08 अक्टूबर 2026 को रखी गई हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार अतिक्रमणकारी को रोकने में पंचायत इसीलिए डरती हैं कि क्योंकि उक्त व्यक्ति बाबूलाल के द्वारा सरपंच, सचिव के विरूद्ध जनपद में झूठी शिकायतें करने तथा आरटीआई के माध्यम से ब्लैकमेल करने की धमकी दी जाती हैं साथ ही लेंडेझरी चौराहे पर जहां पंचायत मौजूद हैं वहां सुबह-शाम बाबूलाल के द्वारा अपने परिजनो के साथ मिलकर लाठी-डंडे हाथ में लेकर ललकारते हुए गंदी-गंदी गालियां दी जाती हैं और जो भी उसके अतिक्रमण को रोकेगा, उसे जान से मारने की धमकी दी जाती हैं। ज्ञात हो कि पूर्व में भी बाबूलाल और उसके परिवार के द्वारा गांव के गरीब ग्रामीणों से मारपीट एवं गाली गलौज की जा चुकी हैं, जिसकी शिकायत लंबित हैं और बाबूलाल के द्वारा पूर्व से निर्मित भवनों को झूठा मामला बनवाकर तुड़वाने की भी धमकी ग्रामीणों को दी जाती हैं ताकि गरीब ग्रामीण उसके अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध किसी कार्यवाही में पंचायत का साथ न दें।

शिकायतकर्ताओं के द्वारा बताया गया कि समय सीमा के भीतर उक्त व्यक्ति का अतिक्रमण शासन द्वारा नहीं हटाया जाता और उक्त अपराधिक व्यक्ति के विरूद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही नही की जाती तो माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में रिट पीटीसन दायर की जाएगी।

इनका कहना हैं



ग्राम पंचायत लेंडेझरी के द्वारा अतिक्रमणकारी को लिखित में आदेश दिया गया हैं कि अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए और क्योंकि उनके द्वारा नहीं रोका गया इसी कारण प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय द्वारा स्टे किया जाकर आगे तोड़ने की कार्यवाही की जाएगी।

संजय बिसेन, सरपंच प्रतिनिधि

अतिक्रमणकारी बाबूलाल भगत के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर सुनवाई जारी हैं जो कि आगामी 8 अक्टूबर को उपस्थित होने की नोटिस जारी की गई हैं।



भूपेन्द्र अहिरवार, तहसीलदार, लालबर्रा

लेंडेझरी मेरी जन्मभूमि और पुस्तैनी गांव हैं, किसी भी जनप्रतिनिधि के द्वारा शासकीय भूमि पर निजी भवन हेतु अतिक्रमण करना एक घर्णित एवं घटिया कार्य हैं। माननीय तहसीलदार माननीय तहसीलदार लालबर्रा द्वारा पारदर्शी एवं विधिवत कार्यवाही की उम्मीद हैं और जप सदस्य प्रतिनिधि के द्वारा अतिक्रमण करने से रोके जाने पर सरपंच को आरटीआई एवं झूठी शिकायतो में फंसाने एवं परेशान करने की धमकी देने की शिकायत भी प्राप्त हुई हैं। सरपंच संघ जिलाध्यक्ष होने के नाते मेरा कर्त्तव्य एवं धर्म हैं कि मैं जिले के सभी सरपंचो के हितो की रक्षा करूं और उन्हें कोई परेशानी न होने दूं। और मेरी उक्त अपराधिक व्यक्तियों को समझाईश हैं कि नियम में रहकर कार्य करें तथा जनता एवं सरपंचों को परेशान न करें।



वैभवसिंह रमाशंकर बिसेन, जिलाध्यक्ष सरपंच संघ बालाघाट

राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में बालाघाट की दीनू बोपचे ने हासिल किया द्वितीय स्थान





मुख्यमंत्री ने प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर किया सम्मानित, जिला शिक्षा अधिकारी धनश्री जैन भी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। भोपाल के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 6 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालाघाट की छात्रा कुमारी दीनू बोपचे ने चित्रकला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री द्वारा उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन "मेरे सपनों का भारत" विषय पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा एवं कलात्मक अभिव्यक्ति की सराहना की।

चित्रकला प्रतियोगिता में बालाघाट जिले से पांच विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुदिया की कुमारी दीनू बोपचे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोलेवर्डी की कुमारी प्रीति डहरवाल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिरोड़ी की कुमारी प्रतीक्षा मर्सकोले, शासकीय हाईस्कूल देवगांव की कुमारी दुर्गा दोनगड़े तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनसुआ की कुमारी वेदांशी कुशरे शामिल रहीं।

इसी प्रकार राज्य स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी की कुमारी तनवी बोपचे ने बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व किया। विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर जिले की प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता का प्रभावी प्रदर्शन किया।

जिला शिक्षा अधिकारी भी हुईं सम्मानितः सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बालाघाट जिले में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं के उत्कृष्ट आयोजन एवं सफल क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती धनश्री जैन को भी मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। जिले की छात्रा द्वारा राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने तथा जिला शिक्षा विभाग को आयोजन के लिए सम्मान मिलने से जिले के शिक्षा जगत में हर्ष का वातावरण है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से रचनात्मक एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

अब तक 59 हजार से अधिक किसानों का हुआ पंजीयन

बालाघाट। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर किसानों से धान, ज्वार एवं बाजरा की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। किसानों के पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित है। अब तक जिले की 59 हजार 100 से अधिक किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री संत कुमार भलावी ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए लालबर्रा तहसील में 8535, खैरलांजी में 6383, लांजी में 6365, बालाघाट में 6154, कटंगी में 5811, वारासिवनी में 5575, बिरसा में 5144, किरनापुर में 4641, परसवाडा में 4080, तिरोडी में 3522 एवं बैहर तहसील में 2804 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। जिले में किसान पंजीयन के लिए समिति स्तर पर कुल 112 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त अधिकृत सीएससी सेंटर, कियोस्क, एमपी ऑनलाइन एवं साइबर कैफे के माध्यम से भी निर्धारित पंजीयन शुल्क 50 रुपये का भुगतान कर किसान अपना पंजीयन करा सकते है।

विकासखंड स्तरीय विज्ञान नाटिका कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के सभागार में विकासखंड स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 13 हायर सेकंडरी व हाई स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और जटिल वैज्ञानिक सिद्धांतों को आसान भाषा में समझाने के लिए विज्ञान नाटक की मंचन कार्यक्रम का आयोजन बेहद सराहनीय पहल है। विज्ञान नाटक की मंचन के मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ शिक्षा जैसे विज्ञान विषयों पर नाटक संवाद और अभिनव के माध्यम से छात्रों के लिए रुचि कर और मनोरंजन बनाना इनका मुख्य उद्देश्य रहा। इस कार्यक्रम में चेतना का विकास जैसे समाज और छात्रों में पहले अंधविश्वासों को दूर कर तार्किक और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है।

फुटबॉल और वॉलीबॉल में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय स्तर पर भी दिखा चुकी हैं प्रतिभा

कन्या शिक्षा परिसर गोंगलई की खेल प्रतिभाओं ने प्रदेश में बढ़ाया बालाघाट का गौरव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। कन्या शिक्षा परिसर गोंगलई, बालाघाट की छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ खेलों के क्षेत्र में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रही हैं। आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों से आकर यहां अध्ययनरत छात्राओं को खेलों में आगे बढ़ने के लिए नियमित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि परिसर की छात्राएं जिला एवं प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन कर रही हैं।



सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर के मार्गदर्शन में छात्राओं को शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विद्यालय के कोच एवं खेल प्रशिक्षक श्री कमल किशोर तेलासे द्वारा छात्राओं की खेल प्रतिभा को पहचानकर उन्हें नियमित प्रशिक्षण और आवश्यक मार्गदर्शन दिया जा रहा है। उनके प्रयासों से छात्राओं ने फुटबॉल, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी क्रम में शुजालपुर, जिला शाजापुर में 3 से 7 अक्टूबर 2026 तक आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में कन्या शिक्षा परिसर गोंगलई की तीन छात्राएं प्रतीक्षा धुर्वे, प्राची एवं निशा धुर्वे भाग ले रही हैं। छात्राओं ने प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व किया है।

वॉलीबॉल में चार छात्राएं करेंगी जिले का प्रतिनिधित्वः विदिशा में 6 से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कन्या शिक्षा परिसर गोंगलई की चार प्रतिभावान छात्राएं मोनिका मरकाम, अनुराधा धुर्वे, आरती एवं आंचल बालाघाट जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। छात्राओं के चयन से विद्यालय परिवार और जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह है। इसके अलावा छतरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मिनी वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में भी कन्या शिक्षा परिसर गोंगलई की पांच छात्राओं ने भाग लेकर शानदार खेल प्रदर्शन किया। छात्राओं की लगातार उपलब्धियां यह साबित कर रही हैं कि यदि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों की बेटियों को उचित प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं अवसर उपलब्ध हों तो वे प्रदेश ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकती हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर भी बना चुकी हैं पहचानः उल्लेखनीय है कि कन्या शिक्षा परिसर गोंगलई की चार छात्राएं गत वर्ष राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय एवं बालाघाट जिले का गौरव बढ़ा चुकी हैं। छात्राओं की इन उपलब्धियों से अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।छात्राओं की खेल उपलब्धियों पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर, प्राचार्य श्रीमती सुनीता बोरकर, जिला खेल अधिकारी डी.के. मेश्राम, जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष नरेश धुवारे, कोच कमल किशोर तेलासे, मोटिवेटर अजय बैस, प्रशिक्षक शैलेंद्र यादव सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में जोएल ने किया जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



पीएम श्री विद्यालय डाईट बालाघाट के छात्र जोएल इक्का ने छतरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में जबलपुर संभाग का प्रतिनिधित्व किया। क्रीड़ा शिक्षक ज्योति पंचेश्वर के कुशल निर्देशन में छात्र ने उत्तम प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गीता बंशपाल एवं समस्त स्टाफ द्वारा सफलता के लिए बधाई प्रेषित की गई।

